भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1859
02 अगस्त, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

देश में डेंगू के मामले

1859. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत 3 वर्षों में देश में डेंगू के पंजीकृत मामलों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि देश में डेंगू के मामले इस वर्ष बढ़े हैं; और

(ग) सरकार द्वारा इस वर्ष डेंगू की रोकथाम हेतु एहतियातन उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क): पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में दर्ज किए गए डेंगू के मामले इस प्रकार हैं:

वर्ष	डेंगू के दर्ज मामले
2019	1,93,245
2020	44,585
2021	2,05,243

(ख): जून 2022 तक, देश में 2021 की इसी अवधि में 13,580 मामलों की तुलना में 14,077 डेंगू के मामले दर्ज किए गए हैं।

(ग): भारत सरकार ने देश में डेंगू की रोकथाम और नियंत्रण के लिए निम्नलिखित उपाय किए हैं:

I. राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीवीबीडीसी) ने 23 मार्च से 30 जून के बीच राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को (i) प्रकोपों का पता लगाने और नियंत्रण, (ii) प्रभावी वेक्टर नियंत्रण करने के लिए तैयारी और क्षमता निर्माण (iii) गैर-स्वास्थ्य क्षेत्र की भागीदारी, (iv) दवाओं, नैदानिक, कीटनाशकों, उपकरणों जैसे सामान की सुनिश्चितता और (v) कीटविज्ञानी के रिक्त पदों को भरने जैसी नौ सलाह जारी की हैं।

II. केंद्र और राज्य स्तर पर मार्च, 2022 से जुलाई, 2022 तक एकीकृत वेक्टर नियंत्रण आधारित केस प्रबंधन पर डॉक्टरों और कीट विज्ञानियों को प्रशिक्षण दिया गया है।

III. प्री-मानसून निवारक गतिविधियों और सामुदायिक संवेदीकरण में तेजी लाने के लिए पूरे देश में राष्ट्रीय डेंगू दिवस (16 मई, 2022) और डेंगू रोधी माह (जुलाई, 2022) मनाया गया।

IV. केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री ने 8 जुलाई, 2022 को 13 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के राज्य स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ डेंगू की स्थिति और तैयारियों सहित वेक्टर जनित रोगों की समीक्षा की।

V. 769 प्रहरी निगरानी अस्पतालों और 17 शीर्ष रेफरल प्रयोगशालाओं के माध्यम से नि:शुल्क नैदानिक सुविधाओं को क्रियाशील बनाया गया है। 1.92 लाख आईजीएम परीक्षण भारत सरकार द्वारा प्रदान किए गए हैं।

VI. एनसीवीबीडीसी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में डेंगू के मामलों की रोकथाम, नियंत्रण और प्रबंधन हेतु तकनीकी दिशानिर्देश प्रदान करता है।

VII. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को डेंगू नियंत्रण गतिविधियों जैसे डेंगू केस प्रबंधन, वेक्टर नियंत्रण गतिविधियों (घरेलू प्रजनन चेकर्स, कीटनाशक, फॉगिंग मशीन आदि का प्रावधान), प्रशिक्षण सहायता, जागरूकता गतिविधियों आदि के लिए बजटीय सहायता प्रदान की जाती है।

*****